पूरा हो जाएगा दीपिका पादूकोण का सपना - p 8 | नवरात्र स्पेशल मेन्यू को लोगों का इंतजार - p 3

नवभारत टाइम्स

NBT Faridabad

मंगलवार 5 अप्रैल 2011

वॉटर सेविंग के लिए अफसरों को भेजे एसएमएस

एक संवाददाता || सेक्टर 15

'जल ही जीवन है, जल को बर्बाद होने से बचाएं, सीमित मात्रा में ही पानी इस्तेमाल करें' जैसे तमाम संदेश अब शहर की कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन अपने मैंबरों व प्रशासनिक अधिकारियों को मोबाइल मेसेज के जरिए पहुंचाएगी और पानी बचाने का संदेश देगी। इस काम में शहर की 80 आरडब्ल्यूए भी उनका साथ देंगी। कंफेडरेशन ये मेसेज हर रोज भेजेगी।

बता दें कि डीसी प्रवीण कुमार ने आदेश दिए थे कि यदि कोई पानी बर्बाद करता है, तो उसके खिलाफ चालान किया जाएगा। इसी फरमान का साथ देते हुए कंफेडरेशन ने सभी मैंबरों और शहर में मौजूद 80 आरडब्ल्यूए को मोबाइल से मेसेज भेजा है

- कंफेडरेशन हर रोज भेजेगी मेसेज
- मेसेज में लिखा होगा पानी बचाने का संदेश

"संडे को कंफेडरेशन की मीटिंग में पानी बचाने का मुद्दा उठाया गया। इस पर सभी की राय सुनने के बाद फैसला किया गया कि डीसी के वॉटर सेविंग के फरमान की कंफेडरेशन व आरडब्ल्यूए मदद करेंगे।"

-अमृत सिंह गुलाटी, सेक्रेटरी जनरल, कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन

जिसमें पानी की बर्बादी रोकने का संदेश लिखा है। आरडब्ल्यूए को भेजे गए मेसेज में लिखा है कि अपने सेक्टर में यदि कोई पानी बर्बाद कर रहा है, तो उसे समझाएं और समय-समय पर रेजिडेंट्स के बीच जाकर उन्हें पानी के महत्व के बारे में समझाएं। पानी का किस तरह इस्तेमाल किया जाए, इस बारे में भी उन्हें बताया जाए। कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल अमृत सिंह गुलाटी ने बताया कि मेसेज आरडब्ल्यूए के पास भेजने के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजा गया है। मेसेज भेजने की शुरुआत संडे से ही कर दी गई थी। रविवार को सबसे पहले डीसी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल पर मेसेज भेजा गया। इसके बाद शहर की 80 आरडब्ल्यूए को भी मेसेज भेजे गए।